हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज़

मिल्कियाना®
Balanced Cattle Feed
Presents

कृषि संवाद
Agriculture Canclave 2026



Thursday, 22 Oct 2026
Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

NABARD
aries agro limited
KSC TECHNO PVT. LTD. Pioneering a Digital Revolution

Health Partner
ITSA HOSPITALS HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA
tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति
AVK™
ANA ए.एन.आटोमोबाईल
AE AANDRAYA ENTERPRISES

खबर संक्षेप

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की बैठक संपन्न

कोरबा। सियान सदन में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की संयुक्त जिला कोर कमेटी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष सुरजीत सोनी (छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना) एवं जिलाध्यक्ष जैनेंद्र कुर्रे (जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी) के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के गंभीर मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के साथ संगठन के विस्तार हेतु कई अहम निर्णय लिए गए तथा नए दायित्वों की घोषणा की गई। बैठक में पर्यावरण विभाग में बालको प्रबंधन के खिलाफ दिए गए आवेदन के 15 दिन पूरे होने के बाद भी ठोस कार्रवाई न होने पर चिंता व्यक्त की गई तथा आगे के आंदोलन व कानूनी रणनीति तय की गई।

मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार में विराजित हुई माता



हरदीबाजार। मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के द्वारा बस स्टैंड हरदीबाजार में लगातार 18 वर्षों से दुर्गा माता की प्रतिमा बैठाकर पूजा किया जा रहा है। नवरात्र के प्रथम दिन दुर्गा माता की शैलपुत्री मैया की पूजा अर्चना करते हुए प्राण प्रतिष्ठा की गई। नवरात्रि के 9 दिन तक समिति के द्वारा अलग-अलग दिन अलग-अलग कार्यक्रम रंगोली प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता, आर्केस्ट्रा, जस जागरण, झांकी, जादूगर, दशहरा उत्सव आदि कार्यक्रम कराया जाता है बस स्टैंड हरदी बाजार का यह दुर्गा पूजा आसपास के क्षेत्र में बहुत ही प्रसिद्ध व आकर्षण का केंद्र रहता है यहां पूजा आरती मांदर की थाप से विशेष प्रकार से की जाती है यहां प्रतिदिन आरती के उपरांत प्रसाद के रूप में खीर, पूडी, खिचड़ी,जलेबी, हलुवा व चना आदि का प्रसाद समिति के द्वारा बंटवाया जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर खिलाड़ी चंचल और नेहा सम्मानित



कोरबा। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर मुकुटधर साहित्य समिति, कोरबा द्वारा रविवार को पं. मुकुटधर पाण्डेय साहित्य भवन में विचार-विमर्श, आलेख प्रस्तुति, चर्चा गोष्ठी एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालिका सशक्तीकरण, भारतीय संस्कृति में बेटियों का स्थान, बालिकाओं के अधिकार, महिला सम्मान तथा बालिकाओं के प्रति हिंसा जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा से पहचान बनाने वाली पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड के शा.उ.मा.वि. सिंधिया के खिलाड़ी सुश्री चंचल (क्रिकेट खिलाड़ी) एवं सुश्री नेहा जायसवाल (बेसबॉल खिलाड़ी) का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य भवन समिति के संरक्षक यूनुस दानियालपुरी ने की। मंच पर संरक्षक कमलेश यादव, मुकेश चतुर्वेदी, केवल कृष्ण पाठक, दीप दुर्गवी, डॉ. रवींद्र नाथ सरकार, अशोक कुमार चन्द्रा तथा समिति के अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल आसीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। सरस्वती वंदना सुमधुर आवाज की धनी कविता जैन ने किया । इसके पश्चात अतिथियों एवं खिलाड़ियों का पुष्पहार पहनाकर तथा बैज लगाकर आत्मीय अभिनंदन किया गया

पृष्ठ 1 का शेष

खदान बंदी...

भी लिखित आश्वासन दिया है। छत्तीसगढ़ किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत झा ने आरोप लगाया है कि पूरे एसईसीएल क्षेत्र में आउटसोर्सिंग कंपनियां किसानों और मजदूरों का बेरहमी से शोषण कर रही है और एसईसीएल प्रबंधन की इन कंपनियों के साथ पूरी मिलीभगत है। उन्होंने इन मजदूरों को निकाले जाने की अवधि की मजदूरी देने की भी मांग की है। किसान सभा के जिला सचिव दीपक साहू ने कहा है कि एक तरफ तो केंद्र सरकार नए लेबर कोड का कड़ाई से पालन कराने की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर सरकारी कंपनी एसईसीएल में इन नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में अगर ठेका श्रमिकों को परेशान किया गया, तो और उग्र प्रदर्शन होगा। भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के सचिव दामोदर श्याम ने हड़ताल का समर्थन करते हुए कहा कि रानी अटारी कोयला खदान में खनन प्रभावित गांवों के किसान ठेका मजदूर के रूप में काम करते हैं। इनमें से अधिकांश आदिवासी छोटे किसान परिवार से आते हैं, खदान में होने वाले सभी कार्यों में प्रभावित क्षेत्र के प्रभावितों को नियमित और स्थाई रोजगार देने की जिम्मेदारी एसईसीएल की है। आंदोलन के दौरान पुटीपखना सरपंच चंद्र प्रताप पोर्ते, जनपद सदस्य संतोष मरावी और आनंद सिंह आयाम, अडसरा सरपंच धजवान सिंह आयाम, किसान सभा के बृजलाल पंडो, रामेश्वर, उजागर, देवप्रताप, जगबंधन, बाबूलाल, अमर सिंह के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

करतला के ढोंढातराई का मामला, एक और फर्जी जियो टैग का आरोप

अधूरे पीएम आवास को रिकॉर्ड में बताया पूर्ण, पूरा भुगतान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरपाली

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में करतला विकासखंड से कथित फर्जी जियो टैगिंग का एक और मामला सामने आया है। आरोप है कि ग्राम पंचायत ढोंढातराई में हितग्राही हेतराम पटेल पिता महेत्तर पटेल के नाम स्वीकृत आवास का निर्माण अधूरा होने के बावजूद किसी दूसरे आवास की तस्वीरें जियो टैग कर सरकारी रिकॉर्ड में आवास पूर्ण दर्शाते हुए पूरी राशि का भुगतान कर दिया गया। लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों ने योजना की निगरानी व्यवस्था और जनपद स्तर के निरीक्षण पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, सत्र 2024-25 में स्वीकृत इस आवास के लिए हितग्राही के खाते में 4 जून 2025 को 40 हजार रुपये, 19 जुलाई 2025 को 55 हजार रुपये तथा 1 सितंबर को 25 हजार रुपये की किश्त जारी की गई। सरकारी रिकॉर्ड में 3 अगस्त को आवास पूर्ण होना दर्ज है। जबकि आरोप है कि मौके पर निर्माण अब भी अधूरा है और पोर्टल पर किसी अन्य आवास की तस्वीरों के आधार पर जियो टैगिंग कर भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर दी गई। स्थानीय स्तर पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि आवास मित्र,



अधूरा पड़ा पीएम आवास।

नहीं हो रही कार्यवाही

करतला विकासखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े कथित फर्जी जियो टैगिंग और भुगतान के मामले लगातार सामने आने के बावजूद अब तक किसी जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध ठोस कार्रवाई नहीं होने से सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्रवाई के अभाव में फर्जीवाड़ा करने वालों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। उनका कहना है कि आने वाले दिनों में ऐसे कई और मामलों का खुलासा किया जाएगा।

रोजगार सहायक, पंचायत सचिव तथा योजना की निगरानी से जुड़े अधिकारियों की मिलीभगत से यह कथित फर्जीवाड़ा संभव हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पूरे विकासखंड में निष्पक्ष और तकनीकी जांच कराई जाए तो इसी तरह के कई और मामले उजागर हो सकते हैं।

जेएनयू की छात्राओं से दुर्व्यवहार भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जेएनयू की छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार के मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा महिला मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को टीपी नगर में आक्रोश धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इसके पश्चात कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर मामले में कार्रवाई की मांग उठाई गई। प्रदर्शन के माध्यम से भाजपा ने नारी सम्मान, महिला सुरक्षा और महिलाओं की गरिमा से जुड़े मुद्दों पर अपना विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी की शीर्ष नेतृत्व में आयोजित हुआ। इसमें महापौर संजू देवी राजपूत की विशेष उपस्थिति रही। भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि जेएनयू की छात्राओं द्वारा शिकायत किए जाने और मामले में कार्रवाई होने के बावजूद कांग्रेस की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान से जुड़े मामलों में राजनीतिक दलों को स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए। महापौर संजू देवी राजपूत ने कहा कि जेएनयू की छात्राओं के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार के विरोध में महिला मोर्चा सड़कों पर उतरा है।

प्लेस ऑफ सेफ्टी से फरार हुए 6 अपचारी बालक, दो धराए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के बाल संप्रेषण गृह से अपचारी बालकों के भागने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर से शहर के प्लेस ऑफ सेफ्टी के अपचारी बालक फरार हो गए। इस बार अपचारी बालकों ने रसोईया पर गर्म खाना फेंका और गार्ड को कमरे में बंद कर दिया। प्लेस ऑफ सेफ्टी से कुल 6 अपचारी बालक फरार हुए थे जिनमें से दो को रात के समय ही पकड़ लिया गया जबकि चार की तलाश जारी है। फरार आरोपी 16 से 18 वर्ष के बीच की उम्र के हैं। आरोपियों पर मर्डर, चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

खास बात

- रसोइया पर फेंका गर्म खाना गार्ड को किया कमरे में बंद

बताया जा रहा है कि सोमवार की रात 8.30 से 9 बजे के बीच प्लेस ऑफ सेफ्टी में अपचारी बालकों को खाना खाने के लिए बैरक से बाहर निकाला गया था। इस दौरान छह अपचारी बालकों ने योजनाबद्ध तरीके से रसोईया पर गर्म खाना फेंककर हंगामा खड़ा किया और फिर ड्यूटी में मौजूद गार्ड को कमरे में बंद कर दिया। हंगामे के बीच प्लेस ऑफ सेफ्टी से छह अपचारी बालक भाग निकले। प्लेस ऑफ सेफ्टी से छह बच्चों के फरार होने की सूचना पर हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और भागे हुए अपचारी बालकों की तलाश शुरू की गई। भागने के दौरान दो अपचारी बालक घायल हो गये। एक के पैरों में गंभीर चोटें आईं तो वह स्वयं लंगड़ाते हुए वापस आ गया। एक अन्य अपचारी बालक के गिरने से उसके सिर में चोटें आईं और वह ज्यादा दूर नहीं भाग सका। पुलिस ने उसे पकड़कर प्रबंधन के हवाले कर दिया है जबकि चार अन्य अपचारी बालकों की तलाश जारी है। पुलिस ने रात के समय ही रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं भागने के संभावित स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया लेकिन पुलिस को कोई सफलता नहीं मिल पाई। पुलिस के अनुसार भागने वाले अपचारी बालकों के खिलाफ गंभीर अपराध दर्ज है।

सुरक्षा व्यवस्था पर उठे रहे सवाल

शहर के बाल सम्प्रेक्षण गृह या फिर प्लेस ऑफ सेफ्टी दोनों ही स्थानों से अपचारी बालकों के भागने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। इसके पूर्व भी फरवरी माह में 15 अपचारी बालक गार्ड पर हमला करके फरार हुए थे, जिनमें पांच को पकड़ा गया था। जून में भी बाल संप्रेक्षण गृह से 11 अपचारी बालक खिड़की उखाड़कर फरार हुए थे, जिनमें से दो को बाद में वापस लाया गया था। जुलाई में भी 13 अपचारी बालक पुराना दरवाजा तोड़कर फरार हुए थे, जिनमें दो को पकड़ा गया था। इसके बाद प्लेस ऑफ सेफ्टी से तीन अपचारी बालक बालक टॉयलेट का रोशनदान तोड़कर फरार हो गये थे। इन घटनाओं से अपचारी बालकों को रखने वाले बाल संप्रेक्षण गृह और प्लेस ऑफ सेफ्टी की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे है। घटनाओं के बाद पूर्व में ही कलेक्टर, एसपी ने संस्थाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे लेकिन हैरानी के बाद भी आज भी इन संस्थाओं में कोई सुधार नहीं हुआ है। पिछली घटनाओं के बाद भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहा है।

रानी झारिया नाला बना बच्चों के भविष्य में रोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली

डिजिटल इंडिया और सब पढ़े, सब बढ़े के तमाम नारों के बीच एक कड़वी सच्चाई आज भी ग्रामीण इलाकों में नज़र आती है। ग्राम पहाड़ गांव के आश्रित मोहल्ला बस्तीपारा बाईसेमर के बच्चे शिक्षा के लिए रोजाना स्कूल यूनिफॉर्म पहनकर और पीठ पर बस्ता टांगकर जब ये नौनिहाल अपने भविष्य को गढ़ने के लिए पहाड़ गांव स्थित स्कूल जाने के लिए रास्ते में पड़ने वाले रानी झारिया नाला को पार करना उनकी मजबूरी हो गई है।

पाली विकासखंड के कई ऐसे गांव हैं जो दूरस्थ क्षेत्र में बसे हैं जहां के स्कूली बच्चों को ऐसी ही समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जैसा पहाड़ गांव के बस्तीपारा के बच्चों को करना पड़ रहा है। तस्वीर में साफ़ देखा जा सकता है कि किस तरह स्कूली छात्र-छात्राएं अपनी जान जोखिम में डालकर, उफनते और बहते पानी के बीच नंगे पैर पत्थरों पर संतुलन बनाते हुए नाले को पार करने पर मजबूर हैं। छोटी-छोटी बच्चियां एक-दूसरे का हाथ थामकर और एक-दूसरे का सहारा बनकर इस नाले को पार कर रही हैं।



नाला पार कर स्कूल जाते ग्रामीण बच्चे।

क्या कहते हैं ग्रामीण

बरसात में बच्चे नहीं जा पाते स्कूल : अशोक



अशोक कुमार आयाम का कहना है रानी झारिया नाले पर पुलिया न होने से हमारे बस्तीपारा बाईसेमर के बच्चों को रोज जान जोखिम में डालकर स्कूल जाना पड़ता है। बारिश में नाला उफनने पर बच्चों की पढ़ाई छूट जाती है, जिससे वे निरक्षर रहने को मजबूर हैं। गांव के भोले-भाले लोगों को पता ही नहीं कि पुलिया स्वीकृति के लिए कहां जाएं।

बना रहता है हादसे का डर : गुलाब सिंह



गुलाब सिंह श्याम का कहना है हमारे गांव बस्तीपारा बाईसेमर के बच्चे रानी झारिया नाला पार करके पहाड़ गांव स्कूल जाते हैं। पुलिया न होने से हर समय हादसे का डर बना रहता है। इस नाले की वजह से कई बच्चों का भविष्य अंधकार में डूब रहा है और वे कलम पकड़ने के बजाय अनपढ़ रहने को मजबूर हैं। हम ग्रामीणों को नहीं मालूम कि पुलिया के लिए किस दफ्तर जाना होगा।

कलम से हस्ताक्षर की जगह अंगूठा लगाने की मजबूरी

शिक्षा प्राप्त करने की राह में बनी यह दुर्गम बाधा केवल पानी का बहाव नहीं है, बल्कि बच्चों के सुनहरे भविष्य की राह में एक बहुत बड़ी दीवार है। रानी झारिया नाले के कारण कई बच्चों की पढ़ाई छूट चुकी है या वे नियमित स्कूल नहीं जा पाते। नतीजा यह हो रहा है कि जो हाथ कल देश का भविष्य लिखने और कलम से हस्ताक्षर करने वाले थे, वे व्यवस्था की अनदेखी के कारण निरक्षर रहकर अंगूठा लगाने को मजबूर हो रहे हैं।

प्रशासनिक अनदेखी और अनभिज्ञ ग्रामीण

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि इस गांव के भोले-भाले ग्रामीणों को यह तक नहीं पता कि अपनी इस समस्या की गुहार लेकर वे किसके पास जाएं। पुलिया की स्वीकृति कहां से मिलेगी, किस दफ्तर का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा। उनके इस सीधेपन का खमियाजा उनके मासूम बच्चों को अपनी जान जोखिम में डालकर चुकाना पड़ रहा है।

साले ने टांगी से जानलेवा हमला कर जीजा को उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार

लखनपुर। ग्राम सोयदा खुटनपारा में पुरानी रंजिश और झगड़ा विवाद से परेशान साले ने अपने ही जीजा को टांगी से वार कर हत्या कर दी। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक ग्राम सोयदा खुटनपारा निवासी दोंदूराम (40 वर्ष) की पत्नी दूरपति बाई ने लखनपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई की 10 अक्टूबर को पति अपनी बेटी के घर गया था। 11 अक्टूबर को वापस आ गया। पत्नी ने उसे बताया कि बेटी के घर में विवाद के कारण उसे कुछ समय रुकना पड़ा था। 12 अक्टूबर की रात जब पत्नी दूरपति सो रही थी तभी बेटी सरस्वती शोर मचाने लगी।

दो मोटर साइकिल की भिड़ंत में युवक की मौत

हरदीबाजार। हरदीबाजार थाना क्षेत्र के सिल्ली-बोइदा मार्ग पर उतरदा स्कूल के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। मृतक की पहचान ग्राम सिरली निवासी नयन पटेल, पिता बीरबल पटेल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि नयन अपनी पड़ोसी छोटी बहन को स्कूल छोड़कर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान उतरदा स्कूल के पास दो मोटरसाइकिलों के बीच टक्कर हो गई। हादसे में नयन पटेल की मौत हो गई, जबकि दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार युवक घायल हो गया।

एनकेएच सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने पूरे किए सेवा के 12 वर्ष, केक काटकर मनाई वर्षगांठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित न्यू कोरबा हॉस्पिटल (एनकेएच) सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने 13 अक्टूबर को अपनी सेवा यात्रा के 12 वर्ष पूरे कर

खास बात

- डॉ.चंदानी के संकल्प से शुरू हुआ सफर, प्रबंधन ने कोरबावासियों के प्रति जताया आभार



एनकेएच के स्थापना दिवस के अवसर पर केक काटते डायरेक्टर एवं स्टॉफ।

हेल्थ पल्स

लिए। वर्ष 2014 में ग्रुप डायरेक्टर डॉ. एस. चंदानी के नेतृत्व में शुरू हुआ यह सफर आज आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, विशेषज्ञ चिकित्सकों और अनुभवी स्वास्थ्यकर्मियों के माध्यम से मरीजों की सेवा तक पहुंच चुका है। 12वीं वर्षगांठ के अवसर पर अस्पताल में उत्साह के साथ समारोह आयोजित किया गया।

समारोह की शुरुआत डॉ. एस. चंदानी, डॉ. वंदना चंदानी और डॉ. एस. पालीवाल ने केक काटकर की। इस अवसर पर अस्पताल के चिकित्सकों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, विभागाध्यक्षों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को बधाई दी तथा अस्पताल की सेवा यात्रा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। बीते 12 वर्षों में एनकेएच ने स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करते हुए गंभीर मरीजों के उपचार के लिए कई आधुनिक सुविधाएं विकसित की हैं। अस्पताल में 24 घंटे ट्रामा एवं आपातकालीन सेवाएं, अत्याधुनिक आईसीयू, क्रिटिकल केयर यूनिट और हृदय रोगियों के उपचार के लिए कैथ लैब सहित विभिन्न चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। अस्पताल प्रबंधन द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, निःशुल्क चिकित्सा शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर और रक्तदान जैसे सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से भी जनसेवा की जा रही है। इस अवसर पर ग्रुप डायरेक्टर डॉ. एस. चंदानी ने कोरवावासियों के विश्वास, सहयोग और स्नेह के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से ही एनकेएच ने 12 वर्षों का सफर पूरा किया है। अस्पताल परिवार भविष्य में भी आधुनिक तकनीक, विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाओं और जनसेवा की भावना के साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। एनकेएच सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल की 12वीं वर्षगांठ के अवसर पर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निःशुल्क ओपीडी सेवा का आयोजन किया गया। इस दौरान 120 से अधिक मरीजों की जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। अस्पताल प्रबंधन की इस पहल का उद्देश्य आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाना रहा। समारोह में उपस्थित चिकित्सक एवं प्रमुख सदस्य डॉ. वंदना चंदानी, डॉ. एस. पालीवाल, डॉ. आर. पालीवाल, डॉ. अविनाश तिवारी, डॉ. मनीष गोयल, डॉ. अविनाश सिंह, डॉ. अजीत ठोकल, डॉ. शिवानी प्राग्दा, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. एस. एस. पांडेय, डॉ. रोहित मजूमदार, डॉ. सुदीप्त साहा, डॉ. रिया दुबे के अलावा आरएमओ, वरिष्ठ प्रशासनिक कर्मचारी, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष तथा अन्य चिकित्सक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

डांस स्पर्धा 17 को

कोरबा। ग्राम पोंडी उपरोड़ा के गोंडपारा में मां गौरी रानी सहित भगवान शिव जी कि विधिवत स्थापना पूजन किया जा रहा है। जहां समिति द्वारा 17 अक्टूबर को डांस प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। जहां एकल, डुअल एवं ग्रुप डांस अलग-अलग वर्ग में है। सभी वर्ग में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया जाएगा।

न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202610050600017
श्रेणी-अ-6 वर्ष 2026-27
ग्राम- कोरबा, प.ह.न.-16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोविन्द प्रसाद यादव पिता स्व. पीला बाबू निवासी दादरखुर्द कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा आवेदक के दादा झाडू पिता अनंदी के स्वत्व व आधिपत्य की भूमि ग्राम कोरबा प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. कोरबा तहसील व जिला कोरबा छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 1022 रकबा 0.0320 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक के दादा झाडू की मृत्यु दिनांक 29/05/2003 एवं आवेदक के पिता पीला बाबू की मृत्यु दिनांक 10/03/2015 एवं माता बाल कुंवर की मृत्यु दिनांक 05/10/2016 को हो जाने के फलस्वरूप उक्त भूमि को विधिक वारिसानों के नाम से फौती नामांतरण किये जाने बाबत छ.ग.भू.रा.संहिता 109 110 के तहत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 02/11/2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
जिला कोरबा (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दीपका जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)

ईश्तहार

रा०प्र०कं.....
श्रेणी-अ-6अ/2025-26
ग्राम भिलाईबाजार प०ह०न०-
तहसील-दीपका जिला-कोरबा (छ०ग०)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका शांतिबाई जायसवाल पिता स्व० निर्भयराम जाति कलार निवासी भिलाईबाजार तहसील- दीपका जिला-कोरबा ने ग्राम भिलाईबाजार स्थित भूमि ख०न० 309, 315 रकबा 0.40, 0.42 एकड पैतृक भूमि है आवेदित भूमि पिता के मृत्यु उपरांत आवेदिका के नाम पर वर्ष 2002-03 से वर्ष 2006-07 तक दर्ज होकर चला आ रहा था, जो कि आवेदिका के नाम पर वर्तमान में रकबा 0.21 डिसमिल भूमि त्रुटिवश राजस्व अभिलेखों में रकबा कम है जिसे सुधार कर आवेदिका के नाम पर रकबा 0.21 डिसमिल भूमि को दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 23/10/2026 तक स्वंय या अपने विधिक प्रतिनिधी के माध्यम से जो कुछ भी हो प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथी के बाद प्राप्त आक्षेप प्राप्त किसी प्रकार से कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय का मुहर लगाकर जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार
दीपका
जिला कोरबा (छ.ग.)

कोरबा मार्केट



तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

घायल कबरबिज्जू का रेस्क्यू कर भेजा गया कानन पेंडारी



ओपन परीक्षा में 10वीं,12वीं पास छात्र-छात्राओं के लिए रोजगारमुखी प्रशिक्षण फायर सेफ्टी के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
14 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
8

खबर संक्षेप

सर्वमंगला जोन में लगेगा सेवा सेतु शिविर आज

कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 14 अक्टूबर को सर्वमंगला जोन में सेवा सेतु शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। इसका उद्देश्य नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं और सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ उनकी समस्याओं एवं आवेदनों के निराकरण में सहायता करना है। शिविर में राजस्व, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, खाद्य, महिला एवं बाल विकास, श्रम, समाज कल्याण, विद्युत, सहकारिता, कौशल विकास, उद्योग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, परिवहन सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। नागरिक संबंधित सेवाओं की जानकारी ले सकेंगे और अपनी आवश्यकता के अनुसार आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।

बाइक की सीट के अंदर छिपा था रैट स्नेक, सुरक्षित किया गया रेस्क्यू

कोरबा। सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएसईबी कॉलोनी में एक परिवार की बाइक के अंदर पीले रंग का साँप छिपा हुआ मिला। साँप को देखकर परिवार के हैरान रह गए, इसके बाद परिजनों ने वाइल्डलाइफ रेस्क्यु टीम को दिया। सूचना मिलते ही जितेंद्र सारथी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचे और साँप को सुरक्षित निकालने की प्रक्रिया शुरू की। काफी मशक्कत के बाद जब बाइक की सीट खोली गई, तब उसके अंदर पीले रंग का साँप छिपा हुआ दिखाई दिया, रेस्क्यू टीम ने सावधानीपूर्वक साँप को बाहर निकाला, पहचान के दौरान वह धामन साँप पाया गया, जो कि विषहीन होता है। रेस्क्यू के बाद साँप को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया।

श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में जागरूकता सत्र

कोरबा। भारत सरकार द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत संचालित सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज 2026 के संबंध में श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय, कोरबा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। दोपहर 12.30 बजे आयोजित इस सत्र में छात्र-छात्राओं और शिक्षकगणों को चैलेंज से जुड़ी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उद्योग विभाग, कोरबा के अधिकारियों ने सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया और पंजीयन के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्य तथा इससे जुड़ी गतिविधियों की जानकारी भी साझा की। प्रतिभागियों को आवेदन और पंजीयन की प्रक्रिया समझाते हुए चैलेंज में भाग लेने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। जागरूकता सत्र में श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के लगभग 70 से 80 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगणों की सहभागिता रही।

कभी 4 शिक्षक हुआ करते थे अब एक शिक्षक के भरोसे हैं 40 छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

नवीन शिक्षण सत्र शुरू होने के समय शिक्षा विभाग के द्वारा मानदेय शिक्षक भर्ती के दौरान शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय स्कूलों में प्राथमिकता से शिक्षक पदस्थ करने की योजना तैयार की गई है। लेकिन इसके बावजूद चैतमा के साजाबहरी पूर्व माध्यमिक शाला में 40 बच्चों को पढ़ाने के लिए एक शिक्षक ही पदस्थ है। जबकि कभी यहां 4 शिक्षक हुआ करते थे।

साजाबहरी स्कूल में पूर्व में पदस्थ शिक्षकों के द्वारा अपना अटैचमेंट घर के समीप के स्कूलों में करा लिए जाने के बाद उक्त स्कूल एक शिक्षक के भरोसे आ गया। स्थिति यह है कि 40 बच्चों की जिम्मेदारी एक शिक्षक ही उठा रहा है। कभी कभार उक्त शिक्षक के स्कूल के कार्य की वजह से बीईओ कार्यालय या अन्य सरकारी दफ्तर जाने के कारण स्कूल या तो रसोइयों के भरोसे संचालित होता है या फिर आधे समय बाद स्कूल में छुट्टी कर दी जाती है। जबकि शासन का आदेश है कि अटैच शिक्षकों को उनके मूल शाला में पदस्थ किया जाए। यहां पदस्थ प्रधान पाठक अगस्त माह में सेवानिवृत्त हुए हैं। वहीं दूसरी शिक्षिका शशी कंवर तीन साल पूर्व अरदा हास्टल में अटैच है एवं अन्य शिक्षिका का प्रमोशन का होने के कारण स्थानांतरण कर दिया गया। वर्तमान में एक शिक्षक के भरोसे स्कूल संचालित हो रहा है। एकल शिक्षकीय स्कूलों की सूची को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि भी गंभीर नहीं हैं।

मानदेय भर्ती अभियान में भी नहीं मिला शिक्षक

खास बातें

- मामला चैतमा के साजाबहरी पूर्व माध्यमिक शाला का
- एक शिक्षक हो गया सेवानिवृत्त तो दूसरा चला गया प्रमोशन में



बीईओ दफ्तर से भी नहीं गई जानकारी

एकल शिक्षकीय स्कूलों को लेकर शिक्षा विभाग के द्वारा सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से उनके यहां के एकल शिक्षकीय स्कूलों की जानकारी मांगी गई थी। किन्तु पाली विकासखंड कार्यालय द्वारा शिक्षा विभाग को साजाबहरी मिडिल स्कूल की जानकारी ही नहीं भेजी गई। इसके पीछे यह कारण बताया गया कि सेटअप के अनुसार 35 बच्चों में एक शिक्षक के पदस्थापना का प्रावधान है। अगस्त महीने तक प्रधान पाठक सहित दो शिक्षक पदस्थ थे। इस वजह से जानकारी नहीं भेजी जा सकी।

पीवी ऐप और पुरानी लंबित मांगों को लेकर संघ ने शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल

पटवारी बैठे धरने पर, दफ्तरों में लगा ताला, तहसील से पक्षकार बैरंग लौटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ ने पीवी ऐप के माध्यम से कराए जा रहे फसल के भौतिक सत्यापन कार्य में आ रही व्यवहारिक एवं तकनीकी समस्याओं का निराकरण नहीं होने तथा पटवारियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के विरोध में मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से पटवारी दफ्तर में ताला लटका रहा। तहसील से पक्षकारों को बैरंग लौटना पड़ा। प्रदेश संघ के आह्वान पर संघ की जिला इकाई ने घंटाघर में धरना दिया।

संघ का कहना है कि पीवी ऐप से फसल सत्यापन के दौरान आ रही समस्याओं के संबंध में पूर्व में कई बार शासन और विभाग को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया गया, लेकिन अब तक इनका कोई ठोस एवं व्यावहारिक समाधान नहीं किया गया है। पटवारी संघ के अध्यक्ष मिथलेश वर्मा ने बताया कि वर्तमान में पटवारियों द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे, एग्रीस्टैक पंजीयन, किसान पंजीयन, बकेट क्लेम, जनगणना के प्रथम चरण, लघु सिंचाई संगणना, रेलवे एवं राष्ट्रीय राजमार्ग सर्वे, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, स्वामित्व योजना, सेवा संकल्प शिविर और प्रोटोकॉल सहित कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। इसके बावजूद पीवी ऐप की तकनीकी एवं व्यवहारिक समस्याओं का समाधान किए बिना कार्य का दबाव बनाया जा रहा है। राजस्व पटवारी संघ ने वर्षों से लंबित वेतन विसंगति दूर करने और पदोन्नति के अधिकार से जुड़े मामलों पर तत्काल सकारात्मक पहल करने की मांग की है। संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं किया गया और लंबित मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो सभी सदस्य अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रखेंगे।



धरने पर बैठे पटवारी।

खास बात

- सीमांकन, नामांतरण जैसे महत्वपूर्ण काम हुए ठप

वैकल्पिक व्यवस्था की गई है

पटवारी की हड़ताल से निपटने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। डीसीए और गिरदावरी का काम आरआई व सर्वेयर की संयुक्त टीम बनाई गई है जिनके द्वारा किया जा रहा है। सीमांकन एवं अन्य कार्यों की जिम्मेदारी राजस्व निरीक्षकों को दी गई है।

-कुणाल दुदावत, कलेक्टर

स्थानांतरण और निलंबन की कार्रवाई पर जताया विरोध

संघ ने आरोप लगाया है कि पीवी ऐप के बहिष्कार के कारण बलौदाबाजार जिले में संघ पदाधिकारियों एवं अन्य पटवारियों के स्थानांतरण और कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। वहीं, महासमुंद जिले में पटवारियों को निलंबित किए जाने का भी उल्लेख किया गया है। संघ ने इन कार्रवाइयों को पूर्वाग्रह से प्रेरित बताते हुए कड़ी निंदा की है तथा संबंधित आदेशों को तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

खदान बंदी आंदोलन के बाद 32 ठेका श्रमिकों को दोबारा लिया गया काम पर


आंदोलन करते श्रमिक एवं ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के रानीअटारी एवं विजय वेस्ट भूमिगत खदान में निजी कंपनी जेएमएस द्वारा 32 मजदूरों को बिना नोटिस दिए खनन कार्य से निकाले जाने से आक्रोशित ठेका श्रमिकों को काम पर वापस रखने के साथ अन्य मांगों को लेकर ग्रामीणों ने किसान सभा के नेतृत्व में खदान बंद आंदोलन शुरु कर दिया। भूविस्थापितों के आंदोलन से कोल डिस्पेच कार्य पूरी तरह ठप पड़ गया। आंदोलनकारियों की मांग है कि सभी 32 मजदूरों को दोबारा कार्य पर नियोजित किया जाए साथ ही मजदूरों को निकाले जाने की अवधि का भुगतान भी किया जाए। 9 घंटे तक चले खदान बंद आंदोलन के बाद आखिरकार सभी 32 ठेका श्रमिकों को दोबारा कार्य पर नियोजित कर लिया गया है।

छत्तीसगढ़ किसान सभा द्वारा एसईसीएल के चिरमिरी क्षेत्र के रानीअटारी एवं विजय वेस्ट भूमिगत खदान में मंगलवार की सुबह 6 बजे से दोपहर 3 बजे 9 घंटे तक खदान बंद आंदोलन किया गया। उल्लेखनीय है कि जेएमएस द्वारा 32 मजदूरों को बिना नोटिस दिए खनन कार्य से निकाले जाने के खिलाफ खनन प्रभावित गांवों के सैकड़ों मजदूरों और किसानों ने खदान बंद करते हुए कोल परिवहन रोक दिया था जिससे उत्पादन पूर्ण रूप से ठप्प पड़ गया। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा सभी 32 मजदूरों को काम में वापस रखने की लिखित घोषणा के बाद खदान बंदी आंदोलन वापस लिया गया। प्रबंधन ने ठेका श्रमिकों की अन्य समस्याओं के समाधान का ⏭ शेष पेज 2 पर

खास बातें

- एसईसीएल के रानी अटारी एवं विजय वेस्ट भूमिपगत कोयला खदान का मामला
- पंडो जनजाति के किसान तीर धनुष के साथ आंदोलन में हुए शामिल

छोटे भाई ने पिता के साथ मिल कर बड़े भाई की कर दी हत्या


मृतक रामधार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्यांग थाना क्षेत्र के ग्राम सिमकेदा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। घरेलू विवाद के चलते एक पिता और उसके छोटे बेटे ने मिलकर अपने ही बड़े बेटे और भाई की तीर-धनुष से हमला कर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी पिता-पुत्र मौके से फरार हो गए हैं। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर उनकी तलाश तेज कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम सिमकेदा निवासी नंदू कुमार कोरवा उम्र 60 वर्ष और उसके छोटे बेटे अघन कुमार उम्र 22 वर्ष का अपने बड़े बेटे रामाधार कोरवा उम्र 34 वर्ष के साथ किसी बात को लेकर घरेलू विवाद चल रहा था। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर पिता नंदू कुमार और छोटे भाई अघन कुमार ने मिलकर रामाधार पर तीर-धनुष से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस गंभीर हमले में रामाधार कोरवा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी पिता और पुत्र दोनों मौके से फरार हो गए। हत्या की सूचना मिलते ही श्यांग थाना प्रभारी लक्ष्मण कोटेदार अपनी पुलिस टीम के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। माले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दी है। श्यांग थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के परिजनों की शिकायत के आधार पर फरार पिता और पुत्र के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस पिता और पुत्र की सरगर्मी से खोजबीन कर रही है।

खास बात

- श्यांग थाना क्षेत्र के ग्राम सिमकेदा का मामला, घरेलू विवाद के चलते हुई वारदात

लाखों के अवैध कबाड़ से भरे दो पिकअप वाहन जब्त


जब्त कबाड़ से भरी पिकअप वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर में अवैध कबाड़ के खिलाफ पुलिस की लगातार सख्ती जारी है। इसी कड़ी में कोतवाली पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए कबाड़ से भरे दो पिकअप वाहनों को पकड़ा है। वाहनों में लाखों रुपये का कबाड़ भरा हुआ था, जिसे लेकर चालक कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने जब चेकिंग के दौरान दोनों पिकअप वाहनों को रोककर कबाड़ से संबंधित दस्तावेज मांगे, तो चालक कोई कागजात नहीं दिखा पाए। नगर कोतवाल प्रेमचंद साहू ने जानकारी दी कि पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और बीएनएसएस की धारा 109 के तहत कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में अवैध कबाड़ के परिवहन पर यह पहली कार्रवाई नहीं है। इससे पहले सीएसईबी चौकी और मानिकपुर चौकी पुलिस ने भी कबाड़ से लदे पिकअप वाहनों को पकड़ा था। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि यह कबाड़ कहां से लाया जा रहा था और इसे कहां खपाने की तैयारी थी। इस तरह की ताबड़तोड़ कार्रवाई से अवैध कबाड़ का कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया है।



खबर संक्षेप



अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के राहुल बने कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष

कोरबा। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा (छत्तीसगढ़) द्वारा संगठन को मजबूत बनाने एवं समाज के सामाजिक उत्थान के उद्देश्य से श्री राहुल यादव को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। महासभा द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार, यह नियुक्ति राष्ट्रीय महासचिव बलवीर सिंह यादव, छत्तीसगढ़ राज्य प्रभारी मनोज यादव एवं राष्ट्रीय सचिव डीआर यादव की सहमति तथा प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश्वर यादव के अनुमोदन से की गई है। नियुक्ति पत्र 13 अक्टूबर को जारी किया गया है। श्री यादव को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर उनसे अपेक्षा की गई है कि वे संगठन की गतिविधियों को गति प्रदान करेंगे तथा यादव समाज में एकता, आपसी सहयोग और भाईचारे को मजबूत करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। साथ ही, समाज के शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक विकास से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने में योगदान देंगे। महासभा को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व एवं संगठनात्मक प्रयासों से समाज के लोगों को एक मंच पर जोड़ने और संगठन को प्रदेश स्तर पर सशक्त बनाने में सहायता मिलेगी।

आगमी विशेष लोक अदालत के संबंध में हुई बैठक



कोरबा। आगीम 21 नवंबर को आयोजित होने वाली धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम से संबंधित विशेष लोक अदालत के आयोजन एवं अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के उद्देश्य से सुनील कुमार नंदे तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा संबंधित अधिवक्ताओं की बैठक ली गई। उक्त बैठक में विशेष लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण किए जाने एवं प्री-सिटिंग किये जाने के संबंध में चर्चा की गई। सुनील कुमार नंदे द्वारा संबंधित अधिवक्ताओं को प्रकरणों में पक्षकारों के मध्य आपसी सहमति एवं सुलह-समझौते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण कराने हेतु आवश्यक पहल करने के लिए अपील की गयी एवं परिवादी/अभियुक्त के अधिवक्ता व अनावेदकके अधिवक्ताओ के साथ भी परिचर्चा कर विशेष लोक अदालत के लाभों से अवगत कराते हुए उन्हें समझौते के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया गया एवं संबंधित कंपनियों के अधिकारियों बैंक अधिकारियों को भी सूचना प्रेषित करते हुए प्रकरणों में नियुक्त अधिवक्ताओं को न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को विशेष लोक अदालत के माध्यम से त्वरित एवं सुलभ निराकरण सुनिश्चित कर न्यायालयीन प्रक्रिया में लगने वाले समय एवं व्यय से राहत प्रदान किये जाने के उद्देश्य पर चर्चा की गयी।

नर नहीं बल्कि जानवर का निकला कंकाल

कोरबा। सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत रेलवे ट्रैक के पास झाड़ियों में सोमवार की देर शाम कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और फोरेंसिक (एफएसएल) की टीम तत्काल मौके पर पहुंची थी तथा मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए बारीकी से छानबीन शुरू की गई थी। हालांकि, जांच के दौरान पुलिस द्वारा कराए गए चिकित्सीय परीक्षण में एक चौंकाने वाला और राहत भरा खुलासा हुआ है। पशु चिकित्सक से जांच कराने पर स्पष्ट हुआ कि मौके पर मिला कंकाल किसी मनुष्य का नहीं, बल्कि एक पशु का था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम रेलवे ट्रैक के पास झाड़ियों में कंकाल दिखने के बाद क्षेत्र में मानव कंकाल होने की अफवाह फैल गई। देखते ही देखते मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई थी।

गरबा डांडिया...





शहर के विभिन्न स्थानों में नवरात्रि के अवसर पर जगह जगह चल रहे डांडिया नृत्य। राजेंद्र प्रसाद नगर फेस-1 में मां की भक्ति के रुप में किये जाने वाले गरबा डांडिया नृत्य करती हुईं महिलाएं और युवतियां।

बरपाली क्षेत्र में स्वीकृत हुई है पांच एकड़ राजस्व जमीन

एक वर्ष में एक खेल मैदान तक सीमित रही खेल युवा कल्याण विभाग की योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय में एक मिनी स्टेडियम निर्माण की योजना एक वर्ष में केवल एक खेल मैदान तक सीमित रही। शेष चार ब्लॉक में जमीन को लेकर चयन

खास बात

- पाली के पुराने स्टेडियम को ही दिया जाएगा नया रूप

का काम अभी भी लंबित पड़ा हुआ है। केवल करतला ब्लॉक के बरपाली ग्राम पंचायत में पांच एकड़ राजस्व जमीन का चयन किया गया है। जिसपर अभी भी निर्माण का कार्य शुरु होना बाकी है।

ग्रामीण अंचलों में खेल गतिविधियों को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय में मिनी स्टेडियम बनाए जाने राज्य शासन के द्वारा खेल एवं युवक कल्याण विभाग के माध्यम से शुरु की गई है। इस योजना अंतर्गत ब्लॉक मुख्यालय में राजस्व विभाग से जमीन आबंटन की प्रक्रिया विभाग को कराना था। इसके तहत करतला ब्लॉक के ग्राम बरपाली में पांच एकड़ जमीन का चयन राजस्व विभाग के द्वारा किया गया है और इसके आबंटन की प्रक्रिया चल रही है। करतला ब्लॉक के अलावा कटघोरा पाली, पोड़ी उपरोड़ा और कोरबा ब्लॉक में भी इस योजना को मूर्तरुप दिया जाना है। एक वर्ष बीत चुके हैं और अब तक चार विकासखंड में इसकी प्रक्रिया ही शुरु नहीं हो सकी है। कहीं विभाग की अनुमति की प्रक्रिया अटकी हुई है तो कहीं जमीन चयन का मामला लंबित पड़ा हुआ है। इसको लेकर खेल एवं कल्याण विभाग राजस्व से पत्र कर चुका है। इसके साथ ही अन्य विकासखंड में उसके द्वारा प्रक्रियाधीन है। कटघोरा ब्लॉक मुख्यालय में नगर पालिका क्षेत्र में ही मिनी स्टेडियम पहले से बना हुआ है। जिसका उपयोग स्थानीय प्रशासन के द्वारा खेल गतिविधियों के आयोजन के लिए किया जाता है। शासकीय कार्यक्रम भी उक्त स्टेडियम में ही होते हैं।



पाली और पसान में पुराने स्टेडियम को दिया जाएगा नया रुप

पाली और पसान विकासखंड मुख्यालय में खेल गतिविधियां बढ़ाने के लिए बहुत पहले खेल मैदान तैयार किया गया था। उक्त मैदान में मिनी स्टेडियम बनाने के लिए खेल युवा कल्याण विभाग के द्वारा विभागीय स्तर पर भेजा गया है। इसके साथ ही स्वीकृति मिलने के बाद खेल मैदान को विकसित किया जाएगा। इसके अलावा पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के पसान तहसील में भी एक पुराना स्टेडियम बना हुआ है, जिसे व्यवस्थित कर मिनी स्टेडियम का रुप दिया जाएगा। दोनों ही खेल मैदानों को चयनित करने का काम बीते वर्ष किया गया था लेकिन इन खेल मैदानों पर कार्य होना भी बांकी है।

कोरबा ब्लॉक में कहां बनेगा स्टेडियम तय नहीं

कोरबा ब्लॉक अंतर्गत नगर निगम का शहरी क्षेत्र भी आता है जहां औद्योगिक उपक्रमों के अपने अपने स्टेडियम मौजूद है। नगर पालिक निगम का स्वयं का स्टेडियम भी है, इसलिए यहां प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए खेल मैदानों की कमी नहीं है लेकिन ग्रामीण अंचल में खेल मैदान नहीं होने के कारण हाई स्कूल के मैदानों में ही प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन नहीं होने के कारण कोरबा ब्लॉक के ग्रामीण अंचल में स्टेडियम कहां बनेगा यह तय नहीं हो सका है।

घायल कबरबिज्जू का रेस्क्यू कर भेजा गया कानन पेंडारी



घायल कबरबिज्जू।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नाले के किनारे एक घायल कबरबिज्जू देखा गया। कबरबिज्जू चोटिल अवस्था में था और चलने-फिरने में असमर्थ नजर आ रहा था। सड़क किनारे वन्यजीव को इस हालत में देखकर स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग और वन्यजीव रेस्क्यू टीम को दी। टीम ने रेस्क्यू कर कबरबिज्जू को बिलासपुर स्थित काननपिंडारी भेजा दी गई है।

बालको थाना क्षेत्र के अंतर्गत भदरापारा मुख्य मार्ग पर स्थित साहू मोमोस दुकान के समीप नाले के किनारे एक घायल कबरबिज्जू देखे जाने से स्थानीय लोगों में हलचल मच गई। वन्यजीव गंभीर रूप से चोटिल अवस्था में था और चलने-फिरने में पूरी तरह असमर्थ नजर आ रहा था। सड़क किनारे रिहायशी इलाके के पास इस प्रकार वन्यजीव को संकटग्रस्त हालत में देखकर स्थानीय जागरूक नागरिकों ने बिना देर किए इसकी सूचना बालको वन परिक्षेत्र अधिकारी जयंत सरकार व उनकी टीम तुरंत मौके पर पहुंचा। टीम ने पूरी सावधानी के साथ घायल कबरबिज्जू का सुरक्षित रेस्क्यू किया। प्राथमिक जांच के बाद वन्यजीव की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर उपचार और देखभाल के लिए बिलासपुर स्थित काननपिंडारी जूलियन पार्क एवं रेस्क्यू सेंटर भेज दिया गया है। बालको वन परिक्षेत्र अधिकारी जयंत सरकार ने बताया कि संभवतः कबरबिज्जू हादसे का शिकार हुआ था जिसके कारण उसके पैर पर चोट लगी हुई थी।

गौमांस मिलने से मचा हड़कंप पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांगो थाना क्षेत्र के ग्राम पोटिया में एक घर से कथित गौमांस मिलने के मामले में पुलिस ने विजय रोहिदास को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घर की तलाशी के दौरान मांस बरामद कर जब्त किया और उसे जांच के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी सामने आने के बाद गांव में हलचल बढ़ गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए।

पुलिस के मुताबिक सूचना मिली थी कि पोटिया निवासी विजय रोहिदास के घर में गौमांस रखा गया है और उसे बेचने की तैयारी की जा रही है। सूचना के आधार पर बांगो थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। तलाशी के दौरान घर से संदिग्ध मांस बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कथित तौर पर बताया कि उसने एक घायल गाय को मारकर उसका मांस और हड्डियां घर में रखी थी। पुलिस ने बरामद सामग्री को जांच के लिए भेजा है, ताकि उसकी पुष्टि की जा सके। मामले में ग्रामीणों और संगठनों से जुड़े लोगों ने घटना पर नाराजगी जताते हुए आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। कटघोरा सीएसपी विजय राजपूत के अनुसार मामले में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 10 के तहत अपराध दर्ज कर विजय रोहिदास को गिरफ्तार किया गया है। जब्त मांस की जांच कराई जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच रिपोर्ट और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

प्राचार्य और दो प्राध्यापकों के बीच हुई मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीआर में लिखी गई टिप्पणी को लेकर शासकीय कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य के साथ दो सहायक प्राध्यापकों के द्वारा मारपीट को अंजाम दिया गया। इनमें से एक प्राध्यापक ने प्राचार्य पर भी मारपीट करने का आरोप लगाया है। दोनों पक्ष के विवाद के दौरान कॉलेज में खासी गहमा-गहमी मची रही। मामला थाना पहुंचने पर दोनों पक्ष ने एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दिया है। बाजार चौक भैसमा थाना उरगा निवासी व शासकीय नवीन महाविद्यालय बांकीमोंगरा में प्रभारी प्राचार्य के पद पर कार्यरत भुनेश्वर सिंह कंवर के साथ मारपीट की गईं। उन्होंने थाना में बताया कि 13 अक्टूबर को सुबह 7.30 बजे कालेज पहुंचे। करीब 8 बजे आफिस के पीछे वाशरूम गया था कि उसी समय सहायक प्राध्यापक रघुराज सिंह तंवर एवं रविन्द्र कुमार पैकरा उनके पास आये और हमारे वार्षिक गोपनीय चरित्रावली 2025-26 में गलत टीप अंकित किये हैं, कहकर पुरानी रंजिश को लेकर अश्लील गाली-गलौच करने लगे। मना किया तो दोनों ने मिलकर जान से मार देने की धमकी देते हुये हाथ-मुक्का से मारपीट किये जिससे बांये कान, पीठ में चोट लगा है। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध 296, 115(2), 351(3) व 3 (5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। प्राचार्य भुनेश्वर कंवर ने बताया कि दोनों प्राध्यापकों के द्वारा उनके साथ मारपीट करते हुए धमकी दी गई। इस दौरान वह किसी तरह उन दोनों से छुड़ाकर कॉलेज की ओर भागे तब तक दोनों प्राध्यापकों के द्वारा उन्हें दौड़ाया गया था। इस घटना की सूचना वह बुधवार को पीजी कॉलेज के प्राचार्य को लिखित रुप से देंगे।

हसदेव नदी में मिली अज्ञात युवक की लाश, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत भवानी मंदिर के ठीक पीछे स्थित जोगियाडेरा के समीप हसदेव नदी में एक 35 से 40 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही बालको थाना पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों की जानकारी जुटा रही है ताकि मृतक की शिनाख्त जल्द से जल्द की जा सके। मामले की जांच कर रहे सहायक उप निरीक्षक इमरान खान ने बताया कि पुलिस ने इस संबंध में मर्ग कायम किया गया है। विभिन्न पहलुओं पर छानबीन की जा रही है। शव की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पहचान सुनिश्चित होते ही मामले की जांच में और तेजी आएगी, जिससे मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना



प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

समय-सीमा की बैठक में विभागीय योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने व डिजिटल क्रॉप सर्वे में लाएं तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों की योजनाओं और लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, प्रधानमंत्री पोर्टल, कलेक्टर जनदर्शन सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्री दुदावत ने डिजिटल क्रॉप सर्वे की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जिन खसरों में धान की फसल लगी है, उनका सर्वेयर के माध्यम से सर्वे कराकर पोर्टल में सही प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पॉलीगॉन जियो-टैगिंग, धान के खसरों और सर्वे कार्य की प्रगति की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना की समीक्षा के दौरान कृषि, पशुपालन और उद्यानिकी विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। जिले में केंद्रीकृत किचन व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को सात दिवस के भीतर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में स्कूलों में मध्यान्ह भोजन संचालन के लिए किचन की स्थापना और अन्य आवश्यक तैयारियों की समीक्षा भी की गई। महिला स्व-सहायता समूहों की भागीदारी से इस व्यवस्था को संचालित करने के संबंध में भी निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री दुदावत ने सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों और उनकी पूर्णता की समीक्षा करते हुए संबंधित निर्माण एजेंसियों तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को उपयोगिता प्रमाण-पत्र समय पर प्रस्तुत करने को कहा। डीएमएफ मद से स्वीकृत कार्यों की अद्यतन जानकारी और वर्तमान स्थिति दर्शाने वाली तस्वीरें प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी दिनों में इन कार्यों की प्रगति की पुनः समीक्षा करने की बात कही। जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की भौतिक स्थिति का सत्यापन कर अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश सभी जनपद सीईओ को दिए गए। पूर्ण कार्यों के भुगतान के संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को आवश्यक कार्यवाही करने तथा लंबित कार्यों को पूरा कराने के लिए संबंधित ठेकेदारों की बैठक आयोजित करने को कहा गया।



बैठक लेते कलेक्टर एवं निगम आयुक्त व अन्य।

